## सार-समाचार

### श्रद्धालुओं पाई अटका महाप्रसादी



**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। समीपवर्ती जगदीश धाम कैमरी में सोमवार को सोमवती अमावस्या पर भगवान की विशेष पूजा अर्चना की गई। जय जगदीश के जयकारों से कस्बे सहित आसपास का वातावरण धर्ममयी हो गया। सोमवती अमावस्या के अवसर पर भगवान के दर्शन व पूजा अर्चना के लिए हजारों श्रद्धालुओं की खूब भीड़ उमड़ी । इस मौके पर जगदीश चौक में सूबेदार भोंरया पटेल कैमरी, डॉ शशिकांत शर्मा तेशगांव, समसा डायरेक्टर नादानसिंह खटाना, हरस्वरूप पटेल व कैलाश राजपूत द्वारा भगवान के अटका महाप्रसादी का भोग अर्पण कर हज़ारों श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। तड़के चार बजे शुरू हुआ भगवान के दर्शन व पूजा अर्चना का क्रम मध्यान्ह बाद तक जारी रहा। इस बार भगवान के दर्शन व पूजा अर्चना के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ से सुबह से ही विभिन्न मार्गों पर दोपहर बाद तक जाम लगा रहा। मंदिर के महंत पं. मनोज शास्त्री, पं. हरिमोहन शास्त्री आदि द्वारा वेदमंत्रों के बीच भगवान की पूजा अर्चना व अभिषेक किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष घनश्याम खटाना खेड़ला, कोषाध्यक्ष कैप्टन शीशराम खटाना, उपाध्यक्ष राजाराम गुर्जर, सचिव रामगिलास गुर्जर, प्रवक्ता सियाराम वकील, ट्रस्ट के शीशराम खटाना पीसीसी सदस्य, दयाराम ठेकेदार, पूर्व सरपंच हंसराज गुर्जर, भूपेन्द्र खटाना अधैत, वीरेन्द्र व्याख्याता आदि ने भाग लिया। अटका प्रसादी अर्पण करने वाले श्रद्धालुओं का मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष घनश्याम खटाना, मुख्य सलाहकार पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना, कैप्टन शीशराम खटाना, सहायक निदेशक समसा नादान सिंह ने सभी अतिथियों का साफा माला पहना कर व भगवान जगदीश का छाया चित्र भेंट कर सम्मान किया। समसा डायरेक्टर नादान सिंह खटाना द्वारा पौषबड़ा प्रसादी का वितरण किया गया।

### पौषबड़ा महोत्सव प्रसादी का आयोजन

**सूरौठ,** (निसं)। तहसील के शिव मार्केट् में सोमवार की दोपहर को पौष बड़े महोत्सव प्रसादी का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम शिव परिवार व हनुमान जी भगवान को भोग लगाने के बाद सभी भक्तजनों को पौष बड़े प्रसादी का वितरण किया गया। जिसमें समस्त ग्रामीणों ने प्रसादी ग्रहण की । इस मौके पर,सत्यप्रकाश सिंघल,बृजेश भारद्वाज टीटी शर्मा,अग्रवाल समाज के युवा अध्यक्ष राहुल नांगरिया राजेन्द्र शर्मा सुशील गोयल मेघचंद मीना,काना नागरिया, सौरभ गोयल, देवीसिंह योगी, रामवतार प्रजापत, अमित नागरिया, हरिमोहन मीना, मुकेश गोयल,कनुआ नागरिया,फूलसिंह प्रजापत, पटवारी शर्मा दशरथ नागरिया चंद्रमोहन सोनी पिल्लू सोनी शीशराम प्रजापत हेमू गुर्जर दीपक गोयल लाला शर्मा, इन्होंने ने प्रसादी तैयार कराने में अपनी भूमिका निभाई, सभी भक्तजनों के सहयोग से सुबह 9बजे से प्रसादी बनाना चालू कर दिया गया जो दोपहर 1 बजे तैयार हुआ जिसका वितरण भोग लगाकर जयकारों के साथ किया गया जो देर शाम 6 बजे तक चलता रहा इस दौरान शिव मार्केट में मेला जैसा माहौल बन गया ठाामीणों ने प्रसादी का आनंद लिया इस मौके पर कई लोग रहें उपस्थित।

### पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की शोकसभा सोमवार को यहां हिंडौन विधायक अनीता जाटव के निवास पर रखी गई। इस मौके पर सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारीयों ने स्वर्गीय मनमोहन सिंह के चित्रपट पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान विधायक अनीता जाटव एवं हिंडौन शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नरेश गुर्जर ने स्वर्गीय मनमोहन सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं देश के लिए किए गए उनके योगदान के बारे में बताया। विधायक अनीता जाटव ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एकजुट रहने एवं कांग्रेस को मजबूत करने को कहा। अंत में शोक सभा में मौजूद सभी कांठोसियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवराज मीणा, विधायक अनीता जाटव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव राजीव शुक्ला, कांठोस के पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश मामू, हिंडौन के पूर्व चेयरमैन भगवान सहाय शर्मा, हिंडौन देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेंद्र मावई, शहर अध्यक्ष एजाज अहमद, हिंडौन शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बृज किशोर शर्मा, देहात अध्यक्ष रविंद्र बेनीवाल, कांठोस के सूरौठ मंडल अध्यक्ष बत्तू मेंबर, हिंडौन देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता प्रमोद तिवाड़ी, दलवीर चौधरी, जहीर खान, अंसार अहमद, महेश बरगमा, तारा गुर्जर, भैरो सिंह मीणा, अजीम खान चिनायटा, रामेश्वर मूंडरी, इमरान सैफी, लखन पौडवाल रीझवास, महिला कांग्रेस की हिंडौन ब्लॉक अध्यक्ष गीता रानी शर्मा, नजमीन शाह, पूर्व सरपंच धारा गुर्जर, चैन सिंह मीणा सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### एडिशनल चीफ इंजीनियर से की मुलाकात

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। सोमवार को भाजपा नेता बच्चूसिंह लहकोड़िया एवं एडवोकेट कर्मेंद्र लहकोडिया ने अधूरे पड़े हिंडौन बरगमां रोड के निर्माण को लेकर भरतपुर जाकर एडिशनल चीफ इंजीनियर सुरेंद्र चौधरी से मुलाक़ात की। बरगमां निवास एडवोकेट कर्मेंद्र लहकोडिया ने बताया कि करीब दो साल से अधूरे पड़े हिंडौन बरगमां रोड प्रकरण में बरगमां निवास भाजपा नेता बच्चूसिंह लहकोड़िया ने भरतपुर जाकर एडिशनल चीफ इंजीनियर सुरेंद्र चौधरी से मुलाक़ात की।

# 'बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की नियमित मॉनिटरिंग करें'

**भरतपुर,** (निसं)। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई जिसमें विभागवार बजट घोषणाओं की क्रियान्विति एवं जनसमस्याओं के निराकरण की कार्यवाही की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग सरकार की बजट घोषणाओं की

■ **कलेक्टर ने कहा सड़क निर्माण के कार्यों में डीपीआर के साथ टैण्डर प्रक्रिया पूरी होते ही कार्यों को गति प्रदान करें**



जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

क्रियान्विति की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि सडक निर्माण के कार्यों में डीपीआर के साथ टैण्डर प्रक्रिया पूरी होते ही संबंधित विभाग टीम भावना के साथ कार्यों को गति प्रदान करें।

उन्होंने पर्यटक आगमन के सीजन को देखते हुए ऐतिहासिक स्थलों एवं पर्यटक महत्व के स्थानों के सौन्दर्यकरण, मरम्मत एवं साफ-सफाई के कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने चिन्हित स्थानों से लेबर शिफ्टिंग, नंदीशाला, अतिक्रमण, चिकित्सा, शिक्षा एवं आमजन की समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदान किये साथ ही लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के विरूद्ध कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने शहर के विभिन्न पार्कों के संचालन के लिए समिति गठित करते हुए नियमित साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरे लगाने, जिम उपकरणों का सही रख-रखाव, लाईटिंग एवं कचरा प्रबंधन के उचित उपाय करने के निर्देश दिये। उन्होंने आरटीओ को निर्देशित किया कि शहर में बिना प्लेट नम्बर के घूम रहे ई-रिक्शाओं को सीज करने की कार्यवाही करें। उन्होंने नगर निगम को निर्देशित किया कि खुल पडे नालों में फेरोकवर लगवायें, कचरा प्रबंधन, ठेले द्वारा किये जाने वाले अतिक्रमणों को हटायें, अवारा पशुओं को पकडने के लिए प्राथमिकता से उपाय करें। उन्होंने फूड सेफ्टी अधिकारी को नियमित तौर पर पोषाहार सैम्पल की जांच करने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने विभागवार समीक्षा के दौरान नगर निगम को शहर में चल रहे सीवरेज लाईन के कार्य को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से करने प्रत्येक मैनहोल की जांच करने व अवरोधकों को हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, आरएसआरडीसी, नगर निगम एवं बीडीए के अधिकारियों को शहर में बने अनाधिकृत एवं नियम विरूद्ध स्पीड ब्रेकरों को चिन्हित कर हटाते हुये आवश्यक स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगाने, रोड मार्किंग करने के निर्देश दिये जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने शहर में एवं ग्राामीण क्षेत्रों में नवीन बनी हुई सडकों पर लाईनिंग एवं दिशा सूचक बोर्ड लगाने के निर्देश दिये जिससे कोहरे के समय दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इस अवसर पर सचिव बीडीए ऋषभ मंडल, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, घना निदेशक मानस सिंह, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, सहायक निदेशक लोक सेवाऐं भारती भारद्वाज, एसडीएम राजीव शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# 'गंगापुर सिटी को जिला बनाए रखने के लिए किया जाएगा आन्दोलन'

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। सोमवार को देवी स्टोर चौराहे पर जिला बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में आयोजित व्यापारियों और विभिन्न संगठनों की बैठक में आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। विधायक रामकेश मीणा ने कहा कि गंगापुर सिटी जिला बनने के सभी मापदंड पूरा कर रहा है। भजनलाल सरकार ने द्वेषभावना से गंगापुर सिटी जिले का दर्जा छीन कर गलत किया है। डीग की जनसंख्या गंगापुर सिटी से आधी है। गंगापुर सिटी जिले की जनसंख्या 12 लाख से अधिक है। भौगोलिक स्थिति भी सही है। गंगापुर सिटी तो संभाग बनने लायक है।

इसके साथ ही विधायक ने कहा कि गंगापुर सिटी जिले को खत्म कर गंगापुर सिटी वासियों का अपमान किया गया है। गंगापुर सिटी काफी मुश्किलों के बाद जिला बना था। गंगापुर सिटी के वासियों को न्याय मिला, लेकिन भजनलाल सरकार ने इस न्याय को अन्याय में बदल दिया। उन्होंने कहा कि गंगापुर सिटी को किस रिपोर्ट के आधार पर खत्म किया है। यह सरकार बताए तो सही। यदि 17 जिलों को खत्म करते हो तो गंगापुर सिटी को खत्म कर दीजिए, लेकिन एक भी जिला रहता है तो गंगापुर सिटी को जिले को खत्म नहीं किया जा सकता, यह निर्णय गंगापुर सिटी वासियों के खिलाफ है और गंगापुर सिटी वासियों के लिए अपमान की बात है। अब इस अपमान को कैसे सम्मान में बदलना है, इसके लिए सभी को सोचना होगा। अभी यह बात घर की घर में है। सभी को आगे आकर जिले को बचाना होगा।

उन्होंने कहा कि कोई रामकेश अकेला जिला नहीं बचा सकता है। अब हम सभी को मिलकर, यहां तक एक-एक बच्चे को इसके लिए संघर्ष करना होगा। जिले को ऐसे ही खत्म नहीं होने देंगे। इसके लिए गांव-गांव और ढाणियों, वजीरपुर, बामनवास, टोडाभीम आदि जगहों पर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। आगे आकर अब इसके लिए आंदोलना करना पडेगा। सभी संगठनों व्यापारियों, शिक्षक संगठनों, अधिवक्ताओं, विभिन्न बाजारों को एक साथ लाकर संगठन अब जिले को बचाने के लिए आर-पार का संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि 38 किमी का मापदंड सही है और 14० का गलत है, ऐसे कैसे चलेगा। अब एकजुट होकर सभी को संघर्ष करना पडेगा, तभी सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि गांव-गांव संपर्क कर संघर्ष के लिए तैयार करेंगे। आगामी 8 जनवरी को बडी आमसभा व्यापार मंडल चौराहा पर होगी और आंदोलन बिगुल बजाएंगे। इसके बाद धरना-प्रदर्शन और आंदोलन और ज्ञापन देने जैसे कई कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जरूरत पडी तो हाईवे जाम करने और रेल रोकने जैसे कदम उठाने पडे वह भी उठाएंगे। व्यापार महासंघ अध्यक्ष कृष्णकुमार झाम ने कहा कि गंगापुर सिटी जिला रहे इसके लिए व्यापारी साथ हैं और जरूरत पडने पर गंगापुर सिटी के बाजारों को बंद रखा जाएगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष गिरधारी धौलेटा ने भी गंगापुर सिटी जिले को रद्द करने की निंदा करते हुए कहा कि मंडी के ही नहीं बल्कि सभी व्यापारी इसके विरोध में संघर्ष के लिए तैयार है और आर-पार की लडाई लडेंगे।

## समीक्षा बैठक आयोजित

**भरतपुर,** (निसं)। अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा की अध्यक्षता में बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग की द्वितीय स्तरीय समिति व आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन ने कहा कि भरतपुर जिले को बीससूत्री क्रियान्वयन में बेहतर रैंक पर लाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुये अधिकारी प्रतिमाह विभागीय स्तर पर समीक्षा करें तथा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध पूरा करें। उन्होंने कहा कि बीस सूत्री कार्यक्रम की शुरूआत गरीबी और आर्थिक शोषण को कम करने और समाज के कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए की थी। उन्होंने कहा कि बीस सूत्री कार्यक्रम के तहत बीस सूत्रों एवं 10 इंडीकेटर्स के आधार पर सितम्बर माह में भरतपुर जिले की रैंक 19वीं है जिसमें सुधार की आवश्यकता है। मुख्य आयोजना अधिकारी रामराज मीना ने पीपीटी के माध्यम से प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि भरतपुर जिले को बीस सूत्री कार्यक्रम के 10 इंडीकेटर्स में से 6 में ग्रेड ए एवं 4 में ग्रेड सी प्राप्त हुआ है।

## नहर टूटने से खेत जलमग्न

**डीग,** (निसं)। बरौलीचौथ के करीब सात सौ मीटर दूर भरतपुर फीडर नहर के टूटने से खेत जलमग्न हो गए हैं। भरतपुर फीडर नहर में क्षमता से अधिक पानी छोड़े जाने पर नहर टूट गई और उसका सारा पानी नहर किनारे के खेतों में पहुंच गया। डीग जिले के गांव बहज, बरौलीचौथ, नगला दांदू में सैंकडों बीघा जमीन जलमग्न हो गई। गेहूं की खड़ी फसल में पानी ही पानी भर गया।

# पाले से फसलों को बचाने के उपाय बताए

**भुसावर/भरतपुर,** (निसं)। जनवरी के प्रथम पखवाडे में पाला पडने से फसलो को नुकसान की संभावना रहती है। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर फसलों के पाले से बचाव पर चर्चा की गयी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह ने बताया कि 27 दिसम्बर की बारिश एवं कोहरा होने से वातावरण में नमी है, इससे अभी तापमान शून्य डिग्री पर जाने की सम्भावना कम है, लेकिन यदि आसमान खुलता है तो पाले की सम्भावना बढ जायेगी। ऐसी स्थिति मे किसान सरसों, आलू व सब्जियों को पाले से बचाने के लिए थायोयूरिया .1 प्रतिशत घोल का छिडकाव करें। इससे फसल 15 दिन के लिए पाले से बच जाती है। थायोयूरिया छिडकाव से न केवल पाले से बचाव होता है बल्कि 8 से 10 प्रतिषत उत्पादन में बढोत्तरी भी होती है।

## सार-समाचार

### चेन स्नेचिंग की घटना का खुलासा



**भरतपुर,** (निस)। पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा द्वारा अपराधिकयो की धरपकड के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, सतीष यादव के निकटतम पर्यवेक्षण में वृत्ताधिकारी वृत शहर पंकज यादव द्वारा प्रभावी पुलिसिंग के तहत पुलिस थाना मथुरागेट भरतपुर तथा डीएसटी टीम द्वारा न्यू पुलिस क्वाटरों से पांच दिन पहले हुई चैन स्नैचिंग की घटना का खुलासा करते हुए घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल को बरामद किया गया है। 25 दिसम्बर को समय करीब 1 बजे न्यू पुलिस क्वाटर के सामने से एक मोटरसाईकिल पर दो लडकों द्वारा एक महिला के गले से चैन छीनने की घटना हुई थी। जिसमें महिला द्वारा उन चैन स्नैचरों द्वारा घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल को पहचान लिया था। जिस पर घटना के संबंध में थाना मथुरागेट पर मामला दर्ज किया गया था। अनुसंधान के दौरान पुलिस द्वारा त्वरित प्रभाव से कार्यवाही करते हुए टीमें गठित कर अलग-अलग दिशा में रवाना की गई। पुलिस टीमों द्वारा तकनीकि सहायता व आसूचना संकलन एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना में शामिल एक चैन स्नैचर अजय पुत्र विशन वाल्मिकी निवासी बराई थाना बसेडी को गांव बास बोरिया से गिरफ्तार किया गया तथा इस चैन स्नैचर के साथ वारदात में शामिल दूसरा आरोपी भाग गया। चैन स्नैचर के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल को बरामद किया गया है। आरोपी एक संगठित गैंग के रूप में काम करते है। चैन स्नैचर से घटना में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में गहनतापूर्वक पूछताछ की जा रही है जिसमें अन्य चैन स्नैचरों व ऐसी अन्य घटनाओं के खुलासा होने की सम्भावना है।

### सोमवती अमावस्या पर उमड़ा जनसैलाब

**करौली**, (निसं)। करौली जिला मुख्यालय पर आराध्य देव भगवान मदन मोहन जी महाराज के मंदिर में सोमवती अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा और चारों तरफ बंसी बारे के जयकारे गूंजते रहे इस दौरान सडको पर वाहनो के खडे रहने के कारण लोगो को जाम जैसी समस्या का सामना करना पडा। सोमवार को प्रातः से ही मंगला आरती पर भगवान के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड पड़ी करौली के पांचना बांध पर प्रातः पहुंचे श्रद्धालुओं ने नहा धोकर भगवान मदन मोहन जी के दर्शन लाभ लिए प्रातः से लेकर दोपहर तक मंदिर सहित बाजारों में लोगों कि भारी भीड़ उमड़ी सोमवती अमावस्या होने के कारण पौष माह कि इसे बड़ी अमावस्या भी माना गया जिसके चलते श्रद्धालुओं ने भगवान मदन मोहन जी महाराज के दरबार में मत्था टेक कर अपने परिवार कि खुशहाली की मनौती मांगी इस दौरान पूरा मंदिर प्रांगण भगवान मदन मोहन बंसी बारे के जयकारों से गूंजयमान हो गया एक साथ उमड़ी हजारों लोगों कि भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी पुख्ता इंतजाम किए मंदिर सहित फूटाकोट चैराहा तक श्रृद्धालुओ कि कतारे लगी देखी गई। वही पुरानी नगर पालिका,हिंडौन गेट,वजीरपुर गेट,गणेश गेट पर पुलिस जाप्ता तैनात किया गया। वहीं यातायात पुलिस की ओर से तिपाहिया,चैपाहिया वाहनों का तीनों गेटो से प्रवेश पूरी तरह से बंद कर दिया गया इसी प्रकार सायकाल कि झाकियो पर भी श्रद्धालुओं कि भगवान के दर्शनों के लिए अच्छी खासी भीड़ उमड़ी जिसको नियंत्रित करने के लिए पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम,कोतवाली थाना अधिकारी सूनील कुमार,यातायात प्रभारी महावीर प्रसाद सहित टाउन चैकी प्रभारी व पुलिस के जवानो को कडी म'ाक्कत करनी पडी। इस दौरान दुकानदारों की खूब बिक्री हुई।

### विप्र सेना जिला अध्यक्ष का सम्मान

**करौली**, (निसं)। सर्व समाज करौली के प्रमुख लोगो द्वारा विप्र सेना जिलाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा का सम्मान किया। ज्ञात रहे कि वीरेन्द्र शर्मा को विप्र सेना के सुप्रीमो सुनील तिवारीएव राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश शरण जोशी द्वारा एकल नारी संबल अभियान का प्रदेश संयोजक बनाये जाने पर सर्व समाज में खुशी कि लहर छा गई है। सभी प्रमुख लोगो द्वारा एक स्वर में वीरेंद्र शर्मा के इस नये दायित्व हेतु हर संभव प्रयास कर इस अभियान को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने की बात कही। सभी वक्ताओ ने विप्र सेना के राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। समारोह में नरेंद्र सिंह बैंसला अध्यक्ष पांचना पर्यटन विकास समिति,चंद्र मोहन गुप्ता प्रमुख उधोगपति,विनोद शर्मा मेडिकल,राजेंद्र सारस्वत पूर्व पार्षद,बबलू शुक्ला प्रमुख समाजसेवी, पीसीसी सदस्य महेंद्र सुरोठीया,पूर्व पार्षद ललित हरदेनिया, समाज सेवी प्रमोद महेरा,देवेंद्र शर्मा कोंडर,भाजपा के हरिशंकर व्यास,व्याख्याता अश्वनी पारा'ार, धर्मेंद्र शर्मा मेडिकल,गोपाल पचैरी कंपाउंडर,मनोज मेडिकल,राजेंद्र अठावाल युवा उधोगपति,रमाकांत शर्मा कसारे वाले,अंकुश शुक्ला,सोनू माली आदि लोग उपस्थित रहे।

### देवेन्द्र गुर्जर ने जीता गोल्ड मैडल

**करौली**, (निसं)। गत 26 से 29 दिसंबर के बीच बीकानेर में आयोजित राज्यस्तरीय 14वींराजस्थान सीनियर स्टेट पैरा एथेलेटिक चैंपियन 2024-25 में गोला फेंक प्रतिस्पर्धा कैटगरी एफ-46 में करौली के निकट राजपुर गॉव निवासी देवेंद्र गुर्जर ने गोल्ड मैडल जीता है। ज्ञात रहे कि गत 2 माह पूर्व ही देवेन्द्र गुर्जर का जयपुर के एक निजी अस्पताल में घुटने के लिगामेंट का ऑपरेशन हुआ था और 2 माह में देवेंद्र ने खुद को गोल्ड जीतने के लायक बना लिया जिसमे देवेंद्र को अपने कोच जगजीत सिंह व उनके निजी फिजियोथैरेपिस्ट डॉ .दिनेश गुर्जर का पूरा सहयोग मिला पूरी राजस्थान पैरा एसोसिएशन व सचिव हिम्मत सिंह गुर्जर का आभार जताया।

# शिक्षा से ही समाज, क्षेत्र और राष्ट्र का विकास संभव : कुशवाह

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। सावित्री बाई फुले एवं महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा समिति गंगापुर सिटी के तत्वाधान में जिला स्तरीय प्रतिभावान छात्र-छात्र एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले 300 से अधिक प्रतिभावान स्टूडेंट को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाह, पूर्व विधायक बीएल कुशवाह, विशिष्ट अतिथि सचिन सैनी, सीपी सैनी और अध्यक्षता सैनी माली महासभा राजस्थान के कार्यकारी

■ **सैनी माली समाज की 300 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान**



सैनी माली समाज की प्रतिभाओं का सम्मान करते अतिथि।

अध्यक्ष सीएल सैनी ने की।

कार्यक्रम में कक्षा 10में टॉपर छात्र शुभम सैनी सालौदा (96.83) और कक्षा 12 में छात्रा संजना सैनी बामनवास (97.40) अंक प्राप्त सहित लगभग 300 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएल कुशवाह एवं शोभा रानी कुशवाह के द्वारा दोनों टॉपरों को 11-11 हजार रुपए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कुशवाह ने समाज की पूर्ण उन्नति के लिए शुरू की गई मुहीम के तीन सूत्र शिक्षा, व्यापार और एकता की जानकारी देते हुए समाज को आगे बढाने का आग्रह किया। साथ ही बीएल कुशवाह और शोभा रानी कुशवाह की तरफ से गंगापुर सिटी के सभी होनहार छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों, समाज एवं जिले का नाम रोशन किया, उन सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए। ऐसे आयोजनों से समाज में एकजुटता आती है और समाज के होनहार बच्चों को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज, क्षेत्र, राज्य और राष्ट का विकास संभव है। साथ ही शिक्षा से ही कोई समाज और देश तरक्की कर सकता है। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता सावित्रीबाई व महात्मा ज्योतिबा फुले समिति अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद माली (भोला) और कार्यकारिणी के सभी सदस्य और कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग करने वाले सभी सभी कर्मचारी, युवा साथी, सभी समाज के लोगों और भामाशाह व कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का सैनी समाज गंगापुर सिटी की ओर से आभार व्यक्त किया।

## सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। गो-सेवकों ने राजस्थान सरकार से गो-माता को राज्य माता घोषित करने की मांग की है। इस संबंध में गो-सेवा समिति के बैनर तले गो-सेवकों ने मुख्यमंत्री के नाम एडीएम रामकिशोर मीणा को ज्ञापन सौंपा। सभी गो-सेवक कलेक्ट्रेट कार्यालय में एकत्रित हुए और एडीएम रामकिशोर मीणा को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन दिया।

गो सेवा समिति के जिलाध्यक्ष गोविंदनारायण शर्मा ने बताया कि इस प्रकार भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों में स्थानीय सरकार के द्वारा गो माता को राज्य माता का दर्जा दिया गया, ऐसे में राजस्थान सरकार भी शीघ्र गो-माता को संरक्षण एवं सुरक्षा की दृष्टि से एवं भारत की संस्कृति को बचाने के लिए राज्य माता का दर्जा देवें।

साथ ही उन्होंने सरकार से गोशालाओं में गोवंश के लिए वर्ष भर का अनुदान जारी करने, राज्य में जितनी भी सरकारी जमीन पर ओरण गोचर सिवायचक भूमि है, उसे गो माता के लिए सुरक्षित करें। साथ ही उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त करें क्योंकि यह जमीन रियासत कालीन से गो माता के लिए छोडी गई थी, जिससे गो माता के लिए चारे का प्रबंध आसानी से हो सकें। राज्य में घूम रहा बेसहारा गोवंश को राज्य में राज्य सरकार के द्वारा उचित सुरक्षा एवं भरण पोषण की व्यवस्थाएं की जाएं। उन्होंने उक्त मांगों को मुख्यमंत्री से शीघ्र पूरा करने की मांग की।

# मनुष्य अपने भाग्य का स्वयं निर्माता : आनन्द पुरूषार्थी

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। वेद यज्ञ प्रचार समिति गंगापुर सिटी के तत्वाधान में पिछले 6 दिनों से चल रहे यजुर्वेद पारायण महायज्ञ का मंगलवार को दोपहर 11 बजे समापन किया जाएगा। यज्ञ समिति के संयोजक ओमी कटारिया ने बताया कि कार्यक्रम पिछले 6 दिनों से चल रहा था जिसमें श्रद्धालु बढ चढ कर भाग ले रहे थे। सोमवार को यज्ञ के ब्रह्मा अंतरराष्ट्रीय

■ **यजुर्वेद पारायण महायज्ञ का समापन आज**



यजुर्वेद परायण महायज्ञ में उपस्थित भीड़।

वेद प्रचारक आचार्य आनंद पुरुषार्थी ने यजुर्वेद के पवित्र वेद मंत्रों के द्वारा दिनेश चंद खंडेलवाल, सतीश सोनी, अशोक सोनी, मदनमोहन अल्पबचत, धर्मेंद्र मित्तल, दीपक आर्य, इंद्रदेव गुप्ता आदि यजमान दंपतियों के द्वारा आहुति दिलवाई।

उन्होने कर्म फल सिद्धांत के अंतर्गत बताया कि सुख दुख का कारण मनुष्य के कर्म (काम या कार्य) हैं, ग्रह नहीं। मनुष्य जैसा काम करता है वैसा ही फल पाता है। ऐसा काम जिससे किसी का भला हुआ हो उसके बादले में ईश्वर की व्यवस्था से सुख प्राप्त होता है और ऐसा काम जिससे किसी का बुरा हुआ हो उसके बदले में मनुष्य को दुख मिलता है। ईश्वर पूर्ण रूप से न्यायकारी है। वह किसी की सिफारिश नहीं मानता। वह रिश्वत नहीं लेता। उसका कोई एजेंट या पीर, पैगम्बर या अवतार नहीं है। अच्छे और बुरे दोनों प्रकार के कामों का फल अलग अलग भोगना पडता है। वे एक दूसरे को काटकर बराबर नहीं करते। अच्छे और बुरे दोनों प्रकार के कामों का अलग अलग हिसाब रहता है। ऐसा नहीं है कि एक अच्छा काम कर दिया और एक उतना ही बुरा काम कर दिया ओर वे बराबर होकर कट गए और हमें कोई फल न मिले। दोनों का अलग अलग फल भोगना पडता है। अच्छे और बुरे कामों के फलस्वरूप सुख और दुख साथ साथ भी चल सकते हैं। कुछ अच्छे कामों का फल हम भोग रहे हैं, साथ ही कुछ बुरे कार्यों का फल भी भोग रहे हैं। मनुष्य जन्म में किए कामों के अनुसार ही आगे का जन्म मिलता है। अगर बुरे काम की बजाए अच्छे काम ज्यादा हों तो अगला जन्म मनुष्य का ही मिलता है। अगर बुरे काम ज्यादा हों तो अगला जन्म कामों के अनुसार पशु, पक्षी, कीडा, मकौडा आदि कुछ भी हो सकता है। यह बात सही नहीं है कि चौरासी लाख योनियों में से होकर ही मनुष्य जन्म फिर से मिलता है। हमारे सामने ऐसे बहुत से उदाहरण हैं जहां बच्चों को अपने पूर्व के जन्म का ज्ञान है और वे पूर्व जन्म में भी मनुष्य योनि में ही थे। भाग्य या प्रारब्ध क्या है। मनुष्य जो भी अच्छा या बुरा काम करता है उसके बदले में उसके अनुसार उसे जो फल मिलता है वही उसका भाग्य है। इस प्रकार अपना भाग्य मनुष्य खुद बनाता है, कोई और नहीं। कोई भी किसी दूसरे का भाग्य न बना सकता है और न ही बिगाड़ सकता।